**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र–2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–15 का उत्तरः–**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 15(क) | क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद कानुपर नगर के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कुल कितने शिक्षक, कर्मचारी दिनांक 01 जनवरी 2022 से दिनांक 31 मार्च 2023 के मध्य सेवाकाल में दिवंगत हुए हैं? | जनपद कानपुर नगर के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से दिनांक 31 मार्च, 2023 के मध्य 02 शिक्षक एवं 03 शिक्षणेत्तर कर्मचारी सेवाकाल में दिवंगत हुए है। |
| (ख) | इसका विवरण क्या है तथा इनके आश्रितों को पेंशन बीमा व मृतक आश्रित नियुक्ति आदि का लाभ अद्यतन प्रदान करा दिया गया है? | 05 मृतक शिक्षकों/कर्मचारियों के सापेक्ष कुल 05 मृतक आश्रितों के आश्रित को पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, सामूहिक जीवन बीमा के भुगतान के सम्बन्ध में 01 कर्मचारी के बीमा का भुगतान किया जा चुका है, साथ ही 01 कर्मचारी के आश्रित को मृतक आश्रित के रूप में समायोजित किया जा चुका है। |
| (ग) | यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है तथा उक्त लाभ संबंधितों को कब तक प्रदान करा दिया जायेगा? | कुल 05 मृतक शिक्षकों/कर्मचारियों के सापेक्ष 02 प्रकरण बीमा निगम कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है, एवं 02 प्रकरण विद्यालय से अप्राप्त है, प्राप्त होते ही तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।<br>इसी प्रकार 05 मृतक शिक्षक/कर्मचारियों के सापेक्ष शेष 04 प्रकरण सम्बन्धित आश्रितों द्वारा आवेदन अप्राप्त होने के कारण लम्बित है, प्राप्त होते ही तत्काल नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी। |

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)